तापमान

अधिकतम 34.3 डिग्री
न्यूनतम 17.2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार, 13 मार्च 2025




12 पर्यावरण जागरूकता के लिए छात्रों ने निकाली रैली



12 बराड़ा में रजत मलिक ने रोका भाजपा का विजयी रथ

## खबर संक्षेप

### चोरी के केमिकल से लदा ट्रक जब्त किया

**पानीपत।** रिफाइनरी के बाहर ट्रक चालकों से मिलीभगत कर ट्रकों से केमिकल चोरी के खेल का भंडाफोड़ कर एंटी व्हीकल थेप्ट पुलिस टीम ने आरोपी केंटर चालक रिजवान पुत्र नवाब निवासी गांव बापौली जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने केंटर से चोरीशुदा केमिकल से भरे 13 ड्रम बरामद किए है। एंटी व्हीकल थेप्ट इंचार्ज रोहताश ने बताया कि आरोपी पर केस दर्ज किया है। वहीं आरोपी को कोर्ट में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया है, ताकि चोरी के मामले में शामिल अन्य लोगों की जानकारी लेकर उन्हें भी गिरफ्तार किया जा सके।

### गोली मारने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने भगत सिंह एंक्लेव हुडा सेक्टर 25 निवासी भानू प्रताप को गोली लगने मामले में रणजीत उर्फ रजत निवासी गांव उग्राखेड़ी व मनीष निवासी हुडा सेक्टर 25 को गिरफ्तार किया है। सीआईए वन प्रभारी संदीप ने बताया कि थाना चांदनी बाग में मामचंद पुत्र श्रीचंद निवासी भगत सिंह एंक्लेव हुडा सेक्टर 25 की शिकायत पर रणजीत व मनीष पर बीएनएस की धारा 109, 351(3), 3(5) व आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज है। आरोपियों ने भानू प्रताप को दो मार्च को गोली मारी थी।

### देसी पिस्तौल व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**पानीपत।** एंटी व्हीकल थेप्ट पुलिस टीम ने अनाज मंडी के नजदीक धर्मकांटा के पास से हरदीप उर्फ मोनू पुत्र राजेश निवासी गांव डाहर जिला पानीपत को अवैध देसी पिस्तौल व जिंदा रौंद सहित गिरफ्तार किया। एंटी व्हीकल थेप्ट प्रभारी रोहताश ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना औद्योगिक हुडा सेक्टर 29 में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है।

### जुआ खेलते नकदी समेत चार दबोचे

**पानीपत।** थाना औद्योगिक सेक्टर 29 पुलिस की टीम ने चौटाला रोड पर संदीप कॉलोनी में जुआ खेल रहे पुष्पेंद्र निवासी मडगुआ झांसी यूपी हाल रणदीप कॉलोनी, दीपक निवासी सौंधापुर, सरफराज निवासी कच्चा कैंप पूरेवाल कॉलोनी व प्रवीन निवासी किशनपुरा हाल उझा रोड को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके पर आरोपियों के कब्जे से जुआ खेलने में प्रयुक्त एक जोड़ी ताश के पत्ते व दाव पर लगी 11 हजार 660 रूपए की नगदी बरामद की। थाना औद्योगिक सेक्टर 29 प्रभारी सुभाष ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ गेम्बलिग एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

### विधवा की दुकान से नकदी व सामान चोरी

**पानीपत।** पानीपत के गांव जोशी में विधवा महिला सुदेश देवी की परचून की दुकान से 20 हजार रुपए चोरी हो गए। सुदेश देवी ने बताया कि मंगलवार की रात को दुकान के गल्ले में 20 हजार रुपए रखे और घर चली गईं। बुधवार की सुबह जब वह पानीपत जाने के लिए दुकान पहुंचीं, तो दुकान का ताला टूटा हुआ था। बीस हजार रूपये की नगदी व अन्य चोरी कर चोरी कर लिया। सुदेश की शिकायत पर थाना मतलौडा पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अवैध खनन करने के आरोपी पर जुर्माना

**पानीपत।** पानीपत में खनन माफिया पर शिकंजा कस दिया है एनफोर्समेंट की टीम के साथ खनन विभाग की टीम जगह जगह तलाशी अभियान चलाए हुए हैं। जिला खनन अधिकारी निरंजन सिंह ने बताया कि बुधवार को खोजकी पुर के पास ट्रैक्टर ट्राली में रेती लेकर जा रहे एक खनन माफिया को पकड़ा व उन पर 2 लाख 15 हजार रुपए का जुर्माना कर दिया।

## पानीपत में कोमल सैनी, करनाल में रेनू बाला, अंबाला में शैलजा सचदेवा, यमुनानगर में सुमन बहमनी विजयी

# मेयर पद के लिए जीटी रोड बेल्ट पर खिला कमल

### गुटबाजी में उलझी कांग्रेस को चुनाव में मिली करारी हार

हरिभूमि टीम ▶▶| पानीपत/अंबाला

- यमुनानगर के 22 वार्डों में से भाजपा 21 पार्षद पद जीतने में सफल हुई

जीटी रोड बेल्ट पर मेयर पद के लिए भाजपा प्रत्याशियों ने भारी मतों से जीत दर्ज कर कमल खिलाया है। मेयर के अलावा, अधिकतर पार्षद पदों पर भी भाजपा के ही प्रत्याशियों ने अपनी जीत का परचम लहराया है।

पानीपत में भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार बन गई। मेयर पद पर भाजपा की कोमल सैनी निर्वाचित हुई हैं। कोमल सैनी को 1 लाख 62 हजार 75 वोट मिले। जबकि कांग्रेस की सविता संजय गर्ग ने 38 हजार 905 वोट प्राप्त हुए। कोमल ने सविता को 123170 वोटों के अंतर से पराजित कर विजयीश्री हासिल की। वहीं निर्दलीय चौधरी केवल सिंह उर्फ बोना को 7 हजार 295 वोट मिले और वे तीसरे नंबर पर रहे। जबकि आम आदमी पार्टी के प्रीतपाल सिंह खेड़ा को 4 हजार 864 ही वोट मिले हैं।



**पानीपत।** पानीपत की नवनिर्वाचित मेयर कोमल सैनी, पूर्व सांसद संजय भाटिया विजयी जुलूस निकालते हुए।

#### कांग्रेस का सूपड़ा साफ

गुटबाजी में उलझी कांग्रेस को नगर निगम के चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ा। कांग्रेस का एक भी पार्षद नहीं जीता। जबकि मेयर पद पर भी कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पडा। वहीं निगम चुनाव में कांग्रेसी नेताओं ने शुरू से ही रूचि नहीं ली। कांग्रेस का कोई भी वरिष्ठ नेता चुनाव प्रचार के लिए पानीपत नहीं आया। छोटे-छोटे कार्यक्रमों में हिस्सा लेने वाले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुडा व उनके सांसद पुत्र दीपेंद्र हुड्डा ने भी पानीपत से दूरी बनाए रखी। इधर, जीत का दावा करने वाली आम आदमी पार्टी की निगम चुनाव में करारी हार हुई। आप प्रत्याशी मेयर के चुनाव में चौथे नंबर पर रहा।

#### करनाल : 25359 मतों से जीती रेनू

**करनाल।** नगर निगम करनाल में मेयर पद के लिए भाजपा प्रत्याशी रेनू बाला गुप्ता ने अपने प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस प्रत्याशी मनोज वधवा को 25359 मतों से हराया। मेयर पद के चुनाव के लिए कुल 147210 मतदाताओं ने मतदान किया था, जिसमें से रेनू बाला गुप्ता को कुल 83630 मत प्राप्त हुए जबकि मनोज वधवा को कुल 58271 मत मिले। इसी प्रकार से निर्दलीय प्रत्याशी मुकेश कुमार रघुवंशी को 2327 व निर्दलीय प्रत्याशी यश गोयल को 1461 मत प्राप्त हुए तथा नोटा को 1521 मत मिले।

#### जाम जैसे हालत रहे

नगर निगम चुनाव में जीते प्रत्याशियों के एक के बाद एक जुलूस निकलने के चलते आर्य कॉलेज से लेकर हुडा सेक्टर 25 के मोड तक दोपहर बारह से ढाई बजे तक यातायात जाम जैसे हालत बने रहे। पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर यातायात को सुचारू करने के प्रयास किए, लेकिन जुलूस के कारण वाहन रेंग रेंग कर चले।

#### यमुनानगर में सुमन 73319 मतों से जीती

**यमुनानगर।** नगर निगम यमुनानगर जगाधरी के चुनाव में मेयर के पद पर भाजपा प्रत्याशी सुमन बहमनी ने भारी मतों से जीत हासिल कर अपने प्रतिद्वदी कांग्रेस की प्रत्याशी किरण देवी को 73319 मतों से शिकस्त दी है। भाजपा प्रत्याशी सुमन बहमनी को कुल 126749 मत मिले। जबकि उनकी प्रतिद्वंदी रही कांग्रेस की किरण देवी को कुल 53430 मत मिले। वहीं, निगम के 22 वार्डों में हुए पार्षद पदों के चुनाव में भाजपा 21 पार्षद पद जीतने में सफल हुई है।

#### थानेसर नप में माफी देवी ने की जीत दर्ज

कुरुक्षेत्र। थानेसर नगर परिषद चुनाव में भाजपा प्रत्याशी माफी देवी ने भारी मतों के अंतर से जीत दर्ज की। माफी देवी 32577 मतों से विजय घोषित हुई। माफी देवी को 47828 मत प्राप्त हुए। दूसरे नंबर कांग्रेस प्रत्याशी सुनीता कुमारी को 15251 मत प्राप्त हुए। आप प्रत्याशी रुकमणी बाल्मिकी को 2868, बसपा प्रत्याशी राजबाला को 1840 और आजाद प्रत्याशी रतन कौर को 655 मत प्राप्त हुए। इस बार नगर परिषद के चेयरपर्सन पद का चुनाव ईवीएम द्वारा हुआ। इसके अलावा 25 वार्डों में भाजपा के प्रत्याशी विजयी रहे ।

#### अंबाला में शैलजा पहली मेयर

**अंबाला।** निकाय चुनाव में चली भाजपा की आंधी में कांग्रेस का सफाया हो गया। भाजपा ने मेयर उपचुनाव के साथ अंबाला सदर नगर परिषद अध्यक्ष चुनाव में जीत का परचम लहराया। अंबाला शहर नगर निगम में मेयर पद के लिए हुए उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी शैलजा संदीप सचदेवा ने 20487 मतों से विजयी हासिल की। शैलजा का मुकाबला यहां कांग्रेस की प्रत्याशी अमीषा चावला के साथ। अमीषा को 20133 वोट ही मिल पाए। यहां भाजपा के 26 सदस्य भी निर्वाचित हुए हैं। हालांकि बराड़ा नगरपालिका चुनाव में बागी रजत मलिक भाजपा का रथ रोकने में कामयाब रहे। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार को करारी शिकस्त देकर नगरपालिका अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया। भाजपा की जीत पर कार्यरत जश्न में डूब गए। अंबाला शहर में नवनिर्वाचित मेयर शैलजा सचदेवा ने पूर्व मंत्री असीम गोयल के साथ रोड शो की अगुवाई की। परिवहन मंत्री अनिल विज ने भी नवनिर्वाचित अध्यक्ष व सदस्यों को जीत का आशीर्वाद दिया।

## अवैध खनन में लिप्त दो वाहन जब्त

- अवैध खनन करने वालों पर कार्रवाई जारी रहेगी : लाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



जिला के खनन अधिकारी निरंजन लाल के अनुसार अवैध खनन/परिवहन में लिप्त दो वाहनों को जब्त किया गया है।

खनन व भू विज्ञान विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग तथा उपायुक्त उत्तम सिंह के निर्देशानुसार जिला में अवैध खनन करने वालों के खिलाफ मुहिम जारी है। गत दिवस एसआई राजेश व एएसआई रोशन लाल की टीम द्वारा वाहनों की चेकिंग के दौरान गांव नली पार से एचआर-05-बीएफ-5786 के नम्बर की ट्रैक्टर-ट्राली के चालक के पास ई-रवाना बिल प्राप्त नहीं हुआ। जिसके बाद वाहन की फोटो लेकर एचएसईएनबी करनाल में जब्त कर लिया गया। इसी प्रकार इंद्री पावर हाउस के नजदीक एसआई सुदेश व ईएचसी परमिंदर की टीम द्वारा चेकिंग के दौरान एचआर-05-बीएफ-5786 नम्बर के एक 22-टायर ट्रक को संधीर रोड नीलोखेड़ी में गुरु कृपा धर्मकांटा से कांटा करवाया गया जिसमें ई-रवाना बिल से लगभग 33 मीट्रिक टन रेत अधिक पाया गया। वाहन को थाना बुटाना में जब्त किया गया।

## योगासन प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने दिखाई प्रतिभा

- दुखभंजन मंदिर परिसर में राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता आयोजित
- विभिन्न राज्यों से करीब 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र




पार्वती विद्यापीठ तथा इंडियन ट्रेडिशनल हेल्थ एसोसिएशन के तत्वावधान में अखिल भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा परिषद पीआरसीबी योग प्रमाण बोर्ड, आयुष मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से दुखभंजन मंदिर परिसर में राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता कराई गई। इसमें देश के विभिन्न राज्यों से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के करीब 200 सफल प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन अखिल भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा परिषद के उपाध्यक्ष तथा दत्तात्रेय आश्रम के महंत डॉ स्वामी शंकरानंद सरस्वती ने किया।

मुख्य अतिथि डॉ. मनीष कुकरेजा हरियाणा योग आयोग के सदस्य ने संबोधित किया। इंडियन ट्रेडिशनल हेल्थ एसोसिएशन के अध्यक्ष तथा पार्वती विद्यापीठ के निदेशक प्रोफेसर डॉ नरेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि यह प्रतियोगिताएं 6 वर्ष के बच्चों से लेकर 70 वर्ष तक के लोगों के बीच थी। अलग-अलग उम्र के ग्रुप बना कर प्रतियोगिता की गई, जिनमें पुरुष और महिलाएं शामिल थे।

निर्णायक मंडल में साध्वी मोक्षिता, नंदिनी खातून, कंचन सरकार, रिंकी मंडल, तपन देवनाथ एवं ज्योतिर्मय पात्र शामिल थे। सफल प्रतिभागियों में 50-60 आयु महिला वर्ग में मोनी पटनायक प्रथम, 30-40 आयु महिला वर्ग में सुदेशना चक्रवर्ती प्रथम, 15-20 आयु पुरुष वर्ग में प्रतीक मुखर्जी, 20-30 आयु महिला वर्ग में सिंधु रानी सिंह प्रथम, 60+ आयु महिला वर्ग में सुछंद दास प्रथम, 20-30 आयु पुरुष वर्ग में पप्पू ठाकुर ने प्रथम तथा निहारिका साहा 10-15 वर्ष के आयु महिला वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## नाबालिग लड़की से तीन युवकों ने किया दुष्कर्म

- वीडियो बनाने के बाद पीड़िता को ब्लैकमेल कर वारदात की
- तीनों आरोपियों पर पोक्सो एक्ट के आरोप में मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर की एक कॉलोनी में नाबालिग लड़की की वीडियो बनाने के बाद उसे ब्लैकमेल कर तीन युवकों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर की एक कॉलोनी निवासी 17 वर्षीय लड़की ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मुबारिक, मकबुल व अजय ने उसकी वीडियो बना ली। जिसके बाद आरोपियों ने उसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। इसके बाद आरोपियों ने नौ मार्च को शाम साढ़े पांच बजे उसे ब्लैकमेल कर उसके साथ दुष्कर्म किया।

#### वीडियो डिलीट नहीं की

मगर आरोपियों ने इसके बाद भी वीडियो डिलीट नहीं की। आरोपी फिर से उसके साथ संबंध बनाने का दबाव बनाने लगे। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ छह पोक्सो एक्ट के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## घर पर गोली चलाने वाले आरोपियों से असला जब्त

- आरोपी ने खेत में बना रखी थी अवैध असला बनाने की फैक्ट्री
- आरोपी के खिलाफ हत्या, आर्म्स एक्ट, चोरी के 13 मामले हैं दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला पुलिस ने बदरपुर में जान से मारने की नियत से घर पर गोली चलाने वाले आरोपियों से असला बरामद किया है।

पुलिस की टीम ने बदरपुर में घर पर गोली चलाने के आरोपी देशराज वासी नागल जिला सहारनपुर यूपी हाल वासी बदरपुर लाडवा, सचिन उर्फ सुमित वासी आदर्श नगर हिसार व सुरेश कुमार उर्फ मुन्ना वासी बनी जिला कुरुक्षेत्र से असला बरामद करने में सफलता हासिल की है। अपराध अन्वेषण शाखा-2 प्रभारी निरीक्षक मोहन लाल ने बताया कि रिमांड पर लिए गए आरोपियों से असला खरीदने की निशानदेही करवाने के लिए पुलिस टीम आरोपियों के साथ यूपी के शामली जिला के गांव मुंडेट खादर पहुंची।

#### खेत में मिला जखीरा

पुलिस की टीम जब आरोपी के खेत में पहुंची तो पुलिस टीम को नाजायज असले का जखीरा मिला। आरोपी ने अपने खेत में ही नाजायज असला बनाने की फैक्ट्री बना रखी थी। पुलिस टीम ने आरोपी और नाजायज असले को काबू किया। थाना थानाभवन की टीम ने मौका पर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान शराफत वासी मुंडेट खादर जिला शामली यूपी के रूप में हुई। आरोपी के खिलाफ हत्या, आर्म्स एक्ट, चोरी के 13 मामले दर्ज बताए गए हैं।

## साइबर ठगों ने हल्दीराम की फ्रेंचाइजी देने के नाम पर 31.76 लाख रुपये ठगे

- कंपनी की साइट पर फ्रेंचाइजी के लिए मांगे गए थे आवेदन
- फर्जी कस्टमर रिलेशन मैनेजर बनकर पीड़ित को लगाया चूना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

साइबर ठगों ने हल्दीराम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की फ्रेंचाइजी देने के नाम पर न्यू हमीदा कॉलोनी निवासी संजय कुमार से 31.76 लाख रुपये ठग लिए। जब उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी।

पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार न्यू हमीदा कॉलोनी निवासी संजय कुमार ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि हल्दीराम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट पर यमुनानगर में फ्रेंचाइजी के लिए आवेदन की मांग की गई थी। उसने इस साइट पर फ्रेंचाइजी के लिए आवेदन कर दिया। इसके बाद विपिन गुप्ता नाम के व्यक्ति का उसके पास फोन आया। आरोपी ने खुद को हल्दीराम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का कस्टमर रिलेशन मैनेजर बताया।

आरोपी ने उसे फ्रेंचाइजी के लिए दस्तावेज जमा करवाने को कहा। उसने आरोपी पर विश्वास करके दस्तावेज साइट पर अपलोड कर दिए। इसके बाद आरोपी ने उसे रजिस्ट्रेशन फीस दो लाख 36 हजार रुपये जमा करवाने को कहा। उसने आरोपी के कहे अनुसार यह पैसे उसके द्वारा दिए गए अकाउंट में जमा करवा दिए। आरोपी ने उससे अलग-अलग करके 31.76 लाख रुपये अलग-अलग खातों में जाम करवाए।

#### फर्जी मिला फोन नंबर

आरोपी ने 10 मार्च को उसे साइट की विजिट करने को कहा। मगर इसके बाद उसका छह मार्च से फोन बंद आ रहा है। जब उसे शक हुआ तो उसने बैंक में जाकर आरोपी द्वारा दिए गए अकाउंट नंबर की जांच की तो वह किसी लोकनाथ स्वैन नाम के व्यक्ति का था। इसके बाद उसकी आरोपी व्यक्ति से बात नहीं हुई। उसने इस बारे पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है।

### उद्योग व्यापार मंडल की ओर से रादौर में कार्यक्रम का आयोजन

## उद्यमियों ने उठाई एक राष्ट्र-एक चुनाव की मांग

- बार-बार चुनाव होने से जनता पर ही पड़ता है आर्थिक बोझ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

उद्योग व्यापार मंडल की ओर से रादौर के सफल पैलेस में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कैप्टन एसएन शर्मा व सहसंयोजक मदन मोहन छाबड़ा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के बेटे नेपाल राणा ने की। व्यापार मंडल सह संयोजक सुशील बत्रा की देखरेख में आयोजित हुए कार्यक्रम में एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान वक्ताओं ने एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर अपने अपने विचार प्रकट किए। नेपाल राणा ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि कैप्टन एसएन शर्मा व सह संयोजक मदनमोहन छाबड़ा ने कहा कि देश में इस समय एक राष्ट एक चुनाव की सख्त आवश्यकता है। देश में बार-बार कहीं न कहीं हर वर्ष चुनाव होने से आचार संहिता लगने पर विकास कार्यों में बाधा आती है। वहीं बार-बार चुनाव होने से भारी धन की भी बर्बादी होती है। लोकसभा चुनावों पर 125 हजार करोड़ रूपये का अनुमानित खर्च आता है। इसके अलावा पोस्टर, बैनर उम्मीदवारों का अन्य खर्च अलग होता है। सरकार का हर वोटर पर 114 रूपये खर्च आता है। प्रदेश में पहले लोकसभा उसके बाद विधानसभा के चुनाव हुए, अब नगरपालिका के चुनाव संपन्न हुए हैं। जिस कारण जनता चुनावों से किनारा करने लगी है, जिससे पॉलिंग हर बार कम होती जा रही है। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव में केवल चुनाव के समय में 3 मशीनें ही लगानी होती हैं। 1952 से लेकर 1967 तक एक राष्ट एक चुनाव होते रहे हैं। चुनाव आयोग ने भी अपनी 170वीं रिपोर्ट में एक राष्ट एक चुनाव का सुझाव दिया है। लोकसभा चुनावों के बाद लगभग 10 प्रतिशत महंगाई बढ़ जाती है।



**यमुनानगर।** रादौर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते अतिथि।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर पूर्व विधायक ईश्वर सिंह पलाका, मंडल अध्यक्ष कृष्ण कांबोज, मीडिया प्रभारी राजकुमार शर्मा, अमित गर्ग, अशोक गुंबर, संदीप सैनी आदि मौजूद थे।

## कार की टक्कर से सड़क किनारे युवक की मौत

- बूडिया गुरूद्वारा के पास हुआ हादसा, कार चालक पर केस
- गंभीर रूप से घायल युवक ने अस्पताल में तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

बूडिया गुरूद्वारा के पास देर शाम कार ने सड़क किनारे जा रहे युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

रंग महल बूडिया निवासी संजीव कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका परिचित रंग महल बूडिया निवासी 19 वर्षीय पिंटू शाम सात बजे पैदल बूडिया गुरूद्वारे के पास से घर लौट रहा था।

इस दौरान तेज गति से आ रही आल्टो कार ने पिंटू को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पिंटू सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपी आल्टो कार चालक कुछ देर रूकने के बाद मौके से फरार हो गया। लोगों ने पिंटू को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर बुधवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**खबर संक्षेप**

## राष्ट्रीय सेवा से जुड़े रहने पर बल दिया

**करनाल** । राजकीय महिला महाविद्यालय, बसताड़ा में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन के अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर आनंद कुमार सैनी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। प्राचार्य डॉ महेंद्र सिंह बागी के द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। डॉ आनंद कुमार सैनी ने स्वयं सेविकाओं को राष्ट्रीय सेवा से जुड़े रहने पर बल देते हुए कहा कि छात्राओं को व्यक्तित्व के विकास के लिए इस प्रकार की गतिविधियों में प्रतिभागिता आवश्यक करनी चाहिए। छात्राओं को हर प्रकार की गतिविधि में भाग लेने के लिए आगे आना चाहिए तथा इसके साथ ही उन्होंने विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट के उद्देश्य के बारे में छात्राओं को बताया। छात्राएं इस प्रकार के सामूहिक कार्यों से बहुत कुछ सीखती हैं । प्राचार्य डॉक्टर महेंद्र सिंह बागी ने स्वयं सेविकाओं को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और सात दिवसीय कैंप के संबंध में स्वयंसेविकाओं से वार्तालाप की।राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनुराधा ने 6 मार्च से 12 मार्च तक आयोजित सात दिवसीय शिविर की संपूर्ण रिपोर्ट प्रस्तुत की।

## फूलों की होली से बचाया जा सकता है पानी: गुप्ता

**तरावड़ी**। होली का पर्व भारतीय परंपरा का एक अभिन्न अंग रहा है व पुरातन काल से ही भारत देश में इस पर्व को बडी ही धूमधाम व उल्लास के साथ मनाया जाता रहा है उक्त विचार आर एल फूड्स के एमडी एडवोकेट मुनीष गुप्ता ने अपने कार्यालय में होली मिलन समारोह मे आये अपने साथियों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। मुनीष गुप्ता ने कहा कि होली का पर्व आपसी भाईचारे को मजबूत करने मे अहम रोल निभाता है व इस दिन आपसी गिले शिकवे भुला कर एक दूसरे के साथ गले लग कर इस पर्व को मनाते है। होली का पर्व भारत ही नहीं अपितु विश्व में अलग अलग ढंग से मनाया जाता है। कृष्ण जी का होली के पर्व से गहरा नाता रहा है व राधा कृष्ण की होली आज भी विश्व मे मतभेद भुला कर प्रेम उमंग व उल्लास को भरने वाली है।

**दिनभर रही हलचल:** प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस प्रत्याशी मनोज वधवा को 25359 मतों से हराया

# नगर निगम करनाल में भाजपा प्रत्याशी रेनू बाला बनीं मेयर


जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नगर निगम के सभी 20 वार्डों के परिणामों की जानकारी दी।

■ 20 वार्डों से भी 15 में खिला कमल, समर्थक जमकर झूमे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

निकाय के चुनाव की मतगणना बुधवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई है। नगर निगम करनाल में मेयर पद के लिए भाजपा प्रत्याशी रेनू बाला गुप्ता ने अपने प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस प्रत्याशी मनोज वधवा को 25359 मतों से हराया। मेयर पद के चुनाव के लिए कुल 147210 मतदाताओं ने मतदान किया था, जिसमें से रेनू बाला गुप्ता को कुल 83630 मत प्राप्त हुए जबकि मनोज वधवा को कुल 58271 मत मिले। इसी प्रकार से निर्दलीय प्रत्याशी मुकेश कुमार रघुवंशी को 2327 व निर्दलीय प्रत्याशी यश गोयल को 1461 मत प्राप्त हुए तथा नोटा को 1521 मत मिले। जिला निर्वाचन अधिकारी ने आगे बताया कि नगर निगम के सभी 20 वार्डों के परिणामों की श्रृंखला में वार्ड नंबर 1 से भाजपा प्रत्याशी सुदेश रानी 3037 मतों से , वार्ड नंबर 2 से भाजपा प्रत्याशी बेबी 1906 मतों से, वार्ड नंबर 3 से निर्दलीय प्रत्याशी परमजीत सिंह 2898 मतों से, वार्ड नंबर 4 से भाजपा प्रत्याशी भूपेंद्र नोतना 320 मतों से, वार्ड नंबर 5 से भाजपा प्रत्याशी सुभाष चंद 2328 मतों से, वार्ड नंबर 6 से निर्दलीय प्रत्याशी अंकित कुमार 222 मतों से, वार्ड नंबर 7 से भाजपा प्रत्याशी जोगिंद्र शर्मा 1262 मतों से विजयी हुए तथा वार्ड नंबर 8 से भाजपा प्रत्याशी संकल्प भंडारी निर्विरोध चुने गए।

उन्होंने बताया कि वार्ड नंबर 9 से भाजपा प्रत्याशी सुजाता अरोड़ा 3723 मतों से, वार्ड नंबर 10 से निर्दलीय उम्मीदवार आशया कुमार 320 मतों से विजयी हुए तथा वार्ड नंबर 11 से भाजपा प्रत्याशी संजीव मेहता निर्विरोध चुने गए। इसी प्रकार से वार्ड नंबर 12 से भाजपा प्रत्याशी मोनिक गर्ग 1697, वार्ड नंबर 13 से निर्दलीय उम्मीदवार ईश कुमार गुलाटी 744 मतों से, वार्ड नंबर 14 से भाजपा प्रत्याशी अमृत लाल 995 मतों से, वार्ड नंबर 15 से निर्दलीय उम्मीदवार प्रियंका देवी 1208 मतों से, वार्ड नंबर 16 से भाजपा प्रत्याशी रानी 531 मतों से, वार्ड नंबर 17 से भाजपा प्रत्याशी ममता देवी 2281 मतों से, वार्ड नंबर 18 से भाजपा प्रत्याशी हरजीत सिंह 694 मतों से, वार्ड नंबर 19 से भाजपा प्रत्याशी राजेश कुमार अग्गी 4775 मतों से तथा वार्ड नंबर 20 से भाजपा प्रत्याशी राम सुधीर 188 मतों से विजयी हुए।



करनाल। नपा अध्यक्ष पद पर भाजपा प्रत्याशी सनमित कौर को प्रमाणपत्र देते हुए। फोटो : हरिभूमि

## नपा अध्यक्ष पद पर भाजपा प्रत्याशी सनमित कौर रहीं विजयी

■ नीलोखेड़ी नगर पालिका और तरावड़ी के वार्ड नंबर 5 का उप चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न

**करनाल**। नीलोखेड़ी नगर निकाय चुनाव के आरओ एवं नीलोखेड़ी के एसडीएम अशोक कुमार ने बताया कि बुधवार को नीलोखेड़ी नगर पालिका के चुनावों की और तरावड़ी के वार्ड नंबर 5 के उप चुनाव की मतगणना शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। इस मौके पर विजेता प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र दिए गए। उन्होंने बताया कि नगर पालिका नीलोखेड़ी में निकाय चुनाव में अध्यक्ष पद पर बीजेपी प्रत्याशी सनमित कौर ने 4983 वोट प्राप्त हुए, वहीं उनके प्रतिद्वंद्वी निर्दलीय प्रत्याशी प्रेम कुमार को 3571 वोट मिले। बीजेपी प्रत्याशी सनमित कौर ने निर्दलीय प्रत्याशी प्रेम कुमार को 1412 वोटों से हराया। इसी प्रकार नीलोखेड़ी नगर पालिका के वार्ड नंबर 1 से पार्षद पद के चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी हरविंदर कौर ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी निर्दलीय प्रत्याशी अर्जुन दास से 53 वोटों से जीत हासिल की।

### वार्ड-2 से पार्षद बनीं निर्दलीय प्रत्याशी अंजना कुमारी

वार्ड नंबर 2 से पार्षद पद के चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी अंजना कुमारी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी निर्दलीय प्रत्याशी प्रिया चोपड़ा से 97 वोटों से जीत हासिल की। वार्ड नंबर 3 से पार्षद पद के चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी सुखविंद्र कंवल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी निर्दलीय प्रत्याशी सिया मेहता से 338 वोटों से जीत हासिल की। वार्ड नंबर 4 से पार्षद पद के चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी धर्मेंद्र कुमार ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी निर्दलीय प्रत्याशी मृदुल चोपड़ा से 37 वोटों से जीत हासिल की। वार्ड नंबर 5 से पार्षद पद के चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी रणबीर सिंह भाटिया ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी निर्दलीय प्रत्याशी कपिल शर्मा से 5 वोटों से जीत हासिल की। वार्ड नंबर 6 से पार्षद पद के चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी मुकेश कुमार ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी निर्दलीय प्रत्याशी राजेश कुमार से 409 वोटों से जीत हासिल की। उन्होंने बताया कि वार्ड नंबर 7 से पार्षद पद के चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी परवीन कुमारी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी निर्दलीय प्रत्याशी रंजीत सिंह से 155 वोटों से जीत हासिल की। वार्ड नंबर 8 से पार्षद पद के चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी दर्शनी देवी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी निर्दलीय प्रत्याशी अंजू से 21 वोटों से जीत हासिल की। वार्ड नंबर 9 से पार्षद पद के चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी रजविंद्र कौर ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी निर्दलीय प्रत्याशी नीता देवी से 181 वोटों से जीत हासिल की। वार्ड नंबर 10 से पार्षद पद के चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी अमित चावला ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी निर्दलीय प्रत्याशी नवजोत सिंह से 336 वोटों से जीत हासिल की। उन्होंने बताया कि वार्ड नंबर 11 से पार्षद पद के चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी गुरविंद्र सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी निर्दलीय प्रत्याशी पंकज से 77 वोटों से जीत हासिल की। वार्ड नंबर 12 से पार्षद पद के चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी भूपेश जुनेजा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी निर्दलीय प्रत्याशी पारस खुराना से 78 वोटों से जीत हासिल की। वार्ड नंबर 13 से पार्षद पद के चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी कृष्णा कुकरेजा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी निर्दलीय प्रत्याशी मधुबाला से 48 वोटों से जीत हासिल की। वार्ड नंबर 14 से पार्षद पद के चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी रजवंत कौर ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी निर्दलीय प्रत्याशी पूजा रानी से 3 वोटों से जीत हासिल की।

### तरावड़ी के वार्ड-5 के उप चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी कमल रहे विजयी

नीलोखेड़ी नगर निकाय चुनाव के आरओ एवं नीलोखेड़ी के एसडीएम अशोक कुमार ने बताया कि तरावड़ी के वार्ड नंबर 5 के पार्षद पद के उप चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी कमल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी निर्दलीय प्रत्याशी कृष्ण से 78 वोटों से जीत हासिल की।

## परिचय मिलन क्लब ने मनाया होली उत्सव सदस्यों ने रंग लगाकर एक-दूसरे को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

**करनाल** । परिचय मिलन क्लब द्वारा बुधवार को होली उत्सव बड़ी धूम धाम से मनाया गया। परिचय मिलन की प्रधान आरती गुप्ता एवं अमिता गर्ग ने आज क्लब के सभी सदस्यों को होली उत्सव की बधाई दी। आज के होली मिलन उत्सव में सभी सदस्यों के मनोरंजन के लिए विशेष ध्यान रखा गया। क्लब की महिला सदस्यों के मनोरंजन के लिए गेम्स भी आयोजित की गई।आरती गुप्ता ने बताया होली उत्साह और उमंग से भरा त्योहार है। विष्णु भक्त इस दिन व्रत भी रखते हैं। होलिका दहन के लिए लोग महीने भर पहले से तैयारी में जुटे रहते हैं। सामूहिक रूप से लोग लकड़ी, उपले आदि इकट्ठा करते हैं और फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा के दिन संध्या काल में भद्रा दोषरहित समय में होलिका दहन किया जाता है।अमिता गर्ग ने आये हुए सभी महिला सदसयो को कंडी की माला डालकर सभी को होली उत्सव के बारे में बताया। आज के इस मौके पर निशु सिंगला,वर्षा गोयल, राधा गुप्ता, डॉ रेनू अग्रवाल, मोना बिंदल ,नीरू सिंगला,अनु गर्ग , मीनू गुप्ता ,भावना कपूर ,राखी गुप्ता, पूजा अग्रवाल , हेमलता कथूरिया,शीतल जैन,वीणा गुप्ता, संगीता गुप्ता, ममता गोयल,संतोष गुप्ता, मिनाक्षी गोयल, शांति जैन आदि मौजूद थे।



## रेनू बाला की बेदाग छवि व सरल स्वभाव से फिर सजा ताज और मनोज नहीं भुना पाए शहर के स्थानीय मुद्दे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल नगर निगम में भाजपा की जीत और कांग्रेस की हार के कारण भी सामने आए है। रेनू बाला गुप्ता की जीत की बात करे तो रेनू बाला गुप्ता पहले दो बार मेयर रह चुकी हैं और जनता की नब्ज को पकड़ने में माहिर है। उनकी बेदाग छवि व सरल स्वभाव भी जीत का मुख्य कारण रहा है। मजबूत संगठन और कौशल क्षमता जीत का मुख्य कारण पार्टी का मजबूत संगठन ग्राउंड लेवल पर काम करता है और एक एक वोट पर नजर रखता है। संगठन को लोग वोटर की नाराजगी को दूर करने का प्रयास करते है। रेनू बाला गुप्ता की जीत का कारण उनके सर्मथन में सीएम नायब सैनी, केंद्रीय मंत्री एव पूर्व सीएम मनोहर लाल जो बड़ा पंजाबी चेहरा भी है वह भी उनके सर्मथन में जनसभा कर चुके थे।



रेनू बाला गुप्ता

इसके अलावा और भी बीजेपी के बड़े लीडर भी समर्थन में वोट की अपील करने पहुंचे थे। विधायक जगमोहन आनंद ने संभाली कमान बता दें करनाल मे सबसे ज्यादा वोटर पंजाबी समाज से है। जगमोहन आनंद भाजपा में मनोहरलाल के बाद दूसरा बड़ा पंजाबी चेहरा है। पहले दिन से ही करनाल विधायक जगमोहन आंनद मैदान में एक्टिव दिखाई दिए, उन्होंने कई पार्षद प्रत्याशियों को पार्टी के उम्मीदवारों से सर्मथन दिलवाया और गुप्ता के लिए दिन रात प्रचार किया। वहीं कांग्रेस के उम्मीदवार इसमें भी पिछड़ गए।

### कांग्रेस प्रत्याशी को यह मुद्दे पड़ गए भारी

जिनमें कांग्रेस संगठन की कमजोरी, स्थानीय स्तर पर कांग्रेस का संगठन मजबूत नहीं था, जिससे चुनावी रणनीति और प्रचार-प्रसार में कमी आई। प्रमुख नेताओं का पार्टी छोड़ना, चुनाव के समय कांग्रेस के जिला संयोजक त्रिलोचन सिंह, पूर्व विधायक नरेंद्र सांगवान और कांग्रेस नेता अशोक खुराना जैसे महत्वपूर्ण नेताओं का भाजपा में शामिल होना कांग्रेस के लिए बड़ा झटका था, जिससे पार्टी की स्थिति कमजोर हुई। बड़े नेताओं का समर्थन न मिलना, मनोज वधवा के समर्थन में कांग्रेस के शीर्ष नेताओं का प्रचार में सक्रिय न होना और चुनाव के दौरान कई बड़े नेताओं का पार्टी छोड भाजपा में शामिल होना भी भी हार का एक कारण रहा। अन्य चुनावों का प्रभाव, हरियाणा के साथ-साथ दिल्ली विधानसभा चुनावों का प्रभाव भी निकाय चुनाव पर पड़ा, जहां जनता ने भाजपा को प्राथमिकता दी। स्थानीय मुद्दों का सही उपयोग न होना, करनाल के स्थानीय मुद्दों को कांग्रेस प्रभावी ढंग से भुना नहीं पाई, जिससे मतदाताओं का समर्थन नहीं मिल सका।

## रेड क्रॉस ने किया टीबी स्क्रीनिंग स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

उपायुक्त एवं जिला रेड क्रॉस समिति के प्रधान उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में टीबी स्क्रीनिंग/स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। रेड क्रॉस के सचिव कुलबीर मलिक ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टीबी मुक्त भारत मुहिम को आगे बढ़ाते हुए बुधवार को रेड क्रॉस व टीबी विभाग ने लिबर्टी पुरम जीटी रोड कुटैल में टीबी परियोजना के अंतर्गत एक स्क्रीनिंग/स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। इस शिविर में लिबर्टी मैन्युफैक्चरर यूनिट में कार्यरत कर्मचारियों में 122 पुरुषों व महिलाओं ने टीबी व शुगर की जांच करवाई। इसमें 40 लोगों का मौके पर ही टीबी विभाग द्वारा उपलब्ध मोबाइल वैन में मुफ्त एक्स-रे करवाए गए व 22 थूक के सैंपल लिए गए ताकि जांच उपरांत सही इलाज करवाया जाए। टीबी जांच शिविर में आए लोगों की एक्सपर्ट द्वारा काउंसलिंग की गई और बताया कि लगातार 4-5 दिन की खांसी हो तो तुरंत अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर जांच करवाएं और सही समय पर दवाइयां लें और खानपान का सही ख्याल रखें।

## सबसे कम उम्र की महिला पार्षद बनीं आशया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा में सबसे कम उम्र की महिला पार्षद बनने का गौरव करनाल के दस वार्ड में आजाद प्रत्याशी आशया कुमार के हाथ लगा। उन्होंने मात्र बीस साल की उम्र में चुनाव जीता। वह ईजीनियरिंग में स्नातक हैं। इसके अलावा उन्होंने लाखों की निजी क्षेत्र की नौकरी छोड़ कर राजनीति में प्रवेश किया। उनके पिता वार्ड दस से दो बार पार्षद रहे। महिलाओं के लिए आरक्षित होने के कारण उन्हें चुनाव मैदान उतरना पड़ा। उनका मुकाबला भाजपा की प्रत्याशी पायल अरोड़ा से था। उन्होंने कहा कि वह अपने पिता का हाथ बंटाने राजनीति में आई है। वह अपने पिता के साथ मिल कर इस क्षेत्र की सेवा करेंगी। इस चुनाव में कई चेहरे तीसरी बार जीते। करनाल में सुजाता अरोड़ा दूसरी बार चुनाव जीती हैं। पिछली बार उनका देवर मुकेश अरोड़ा चुनाव जीता था। वहीं पर इस बार संकल्प भंडारी भाजपा के टिकिट से चुनाव जीते पिछली बार उनकी पत्नी मेधा चुनाव जीती थीं। वार्ड तीन से निर्दलीय प्रत्याशी परमजीत सिंह उर्फ पप्पू लाठर तीसरी बार चुनाव जीते हैं।



## विशाल भंडारे में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

गोयल इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड परिवार की ओर से में वृंदावन मे श्री बांके बिहारी के खंडेश्वरी आश्रम परिक्रमा मार्ग पर रंगों के उत्सव के उपलक्ष में गैलेक्सी परिवार की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। यह भंडारा 9 मार्च से 15 मार्च तक भंडारा चलेगा। गैलेक्सी ग्रुप के एमडी विजय गोयल ने बताया की श्री बांके बिहारी जी की असीम कृपा से और गुरुजनों के आशीर्वाद से अपने पूर्वजों माता स्वर्गीय सत्या देवी पिता स्वर्गीय देवी चंद्र गोयल जी की याद में विशाल भंडारा चलाया जा रहा है। यह विशाल भंडारा रोजाना प्रातः 6 बजे से लेकर रात्रि 8 बजे तक चलता रहता है। जिसमें रोजाना हजारों श्रद्धालु भंडारा रूपी प्रसाद ग्रहण करते हैं। बता दें कि गैलेक्सी ग्रुप की ओर से पिछले नवरात्रों में मां बाला सुंदरी के मंदिर पर नवरात्रों मे विशाल भंडारे का आयोजन किया गया था।



**पर्व** शहर के समाजसेवियों व उद्योगपतियों ने त्योहार पर लोगों को दी बधाई

# होली का त्योहार हमारी संस्कृति से जुड़ा पर्व

■ होली पर्व मनाने को लेकर तरावड़ी के उद्योगपत्तियों ने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

होली रंगो का त्यौहार है। इस त्यौहार का सारे गिले शिकवे भूल कर मनाना चाहिए। होली के रंग खुशियों के संग हमारी झोली भरने को तैयार है। होली पर्व को लेकर सभी लोगों में काफी उत्साह नजर आ रहा है। होली हमारी भारतीय संस्कृति से जुड़ा हुआ पर्व है। ऐसे में हमें इस बार होली पर्व पर पानी बचाते हुए तिलक लगाकर होली पर्व मनाना चाहिए। देखने में आता है कि होली पर्व के अगले दिन फाग पर कुछ लोग न केवल हुड़दंगबाजी करते हैं, बल्कि जल की भी काफी बर्बादी करते हैं, लेकिन जरूरी नहीं है कि होली त्योहार पर जल की बर्बादी ही की जाए, होली पर्व अच्छे ढंग से भी मनाया जा सकता है। होली पर्व मनाने को लेकर तरावड़ी के उद्योगपत्तियों ने अपनी राय रखी।



शिव शक्ति इंटर ग्लोबल के एमडी अमन गुप्ता, भारत इंडस्ट्रीज के एमडी नाथीराम गुप्ता एवं जीवी राइस यूनिट के एमडी प्रमोद बंसल, 521 फूडस प्राडक्टस के सीएमडी पंकज गोयल ने कहा कि होली प्यार और शालीनता का त्यौहार हैं।

### होली पर्व भाईचारे के साथ मनाया जाना चाहिए

राईस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेश बंसल, डबल चाबी बासमती राईस के एमडी पुष्कर गोयल, राकेश गर्ग, बी डी ओवरसीज के एमडी प्रवीण गर्ग ने कहा कि होली पर्व भाईचारे के साथ मनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें होली के अगले दिन फाग पर पानी को व्यर्थ बहने से बचाना चाहिए यही नहीं तिलक लगाकर और फूलों के साथ भी होली खेली जा सकती है। एब्रो इंडिया के मानव संसाधन अधिकारी यशपाल, हंस राईस मिल के एमडी प्रदीप गुप्ता, सरस्वती राईस इंडस्ट्रीज के एमडी शीशपाल गुप्ता व न्यू कैम आयल के एमडी राजकुमार तायल ने कहा कि होली पर्व भाईचारे के साथ मनाना चाहिए। इस दिन पानी को सडकों पर न बहाकर बल्कि पानी को बचाने की अपील करनी चाहिए। होली पर्व पर बहुत अधिक पानी व्यर्थ बह जाता है। जिसे आज के समय में बचाने की जरूरत है। जी वी राईस यूनिट के एमडी प्रमोद बंसल, एसएस राईस यूनिट के एमडी राकेश हंस, एस. आर. ओवरसीज के एमडी प्रमोद सिंगला व उद्योगपति वेद सलूजा ने कहा कि होली पर्व पर अगर किसी को रंग लगाना है तो सिर्फ एक तिलक लगाकर और मिठाई बांटकर ही होली का पर्व मनाएं।



### होली मिलन समारोह की तैयारियां पूरी

**करनाल** । होली के उपलक्ष्य में करनाल के काछवा रोड स्थित मेहता पैलेस में कल वीरवार को सांय 4 बजे होली मिलन समारोह का रंगा रंग प्रोग्राम आयोजित किया जा रहा है जिसमें सभी भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं द्वारा फूलों के साथ होली खेली जाएगी। इस मौके पर होली के गीतों का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें हरियाणवी कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। उपरोक्त जानकारी देने हेतु आज भाजपा जिला कार्यालय कर्ण कमल में भाजपा करनाल जिला कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता ने एक पत्रकार वार्ता को सम्बोधित किया जिसमें मुख्य तौर पर नवनिर्वाचित मेयर रेणु बाला गुप्ता मौजूद रहीं। इस मौके पर कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि फूलों से खेली जाने इस होली मिलन समारोह में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के अतिरिक्त हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष एवं घरोंडा विधायक हरविंदर कल्याण, विधानसभा चीफ व्हिप एवं इंद्री विधायक रामकुमार कश्यप, करनाल जिलाध्यक्ष एवं असंध विधायक योगेन्द्र राणा,करनाल विधायक जगमोहन आनंद, नीलोखेड़ी विधायक भगवान दास कबीर पंथी, करनाल की नवनिर्वाचित मेयर रेणु बाला गुप्ता,जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल के अतिरिक्त सभी नव निर्वाचित पार्षद व अन्य जिला के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। इस मौके पर नवनिर्वाचित मेयर रेणु बाला गुप्ता एवं कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता ने पत्रकारों एवं करनाल की जनता का चुनावों में अपना बहुमूल्य योगदान देने के लिए धन्यवाद करते हुए आभार जताया। पत्रकार वार्ता में कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता के अतिरिक्त जिला मीडिया प्रभारी डा अशोक कुमार जिला आई टी प्रमुख विकास कथुरिया, उपाध्यक्ष ईलम सिंह,कर्ण मंडल अध्यक्ष नवीन बत्रा शहरी मंडल अध्यक्ष मोहन लोधी भी मौजूद रहे।

## नपा इंद्री के चेयरमैन बने राकेश कुमार

**इंद्री** । नगरपालिका इद्री के अध्यक्ष एवं सभी वार्डों के पार्षदों के चुनाव की मतगणना का कार्य शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया है। परिणाम घोषित होने के बाद विजयी उम्मीदवारों को जीत के प्रमाण पत्र दिए गए । नगर पालिका इंद्री के अध्यक्ष पद के निर्दलीय प्रत्याशी राकेश कुमार ने 952 मतो जीत हासिल की । गौरतलब है कि राकेश कुमार पिछले काफी समय से भाजपा पार्टी से जुड़े हुए थे और भाजपा से नपा चेयरमैन पद के लिए टिकट की मांग कर रहें थे लेकिन भाजपा से टिकट न मिलने से खफा होकर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप मे अपना नामांकन पत्र भरा और जीत हासिल की । राकेश कुमार ने भाजपा प्रत्याशी जसपाल को 952 मतो से हराया । राकेश कुमार इससे पहले इंद्री नपा मे मनोनीत पार्षद भी रह चुके है । राकेश कुमार पिछले काफी समय से इंद्री नपा से चेयरमैन पद के लिए चुनावी तैयारियों मे जुटे हुए थे । वही इंद्री के 14 वार्डों मे से 6 महिला भी नगर पार्षद बनी और तीन नगर पार्षद निरविरोध चुने गए । एसडीएम एवं रिटर्निंग अधिकारी अशोक मुंजाल ने बताया कि नगर पालिका इंद्री के अध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए कुल 9759 मतदाताओं नें मतदान किया था।

## खबर संक्षेप

### बाल श्रम व भिक्षावृति करते बच्चे बरामद किए

**समालखा।** एंटी हूयमेन ट्रैफिकिंग यूनिट द्वारा समालखा से दो बाल श्रमिकों और भिक्षावृत्ति में सलंग्न चार बच्चों को एमडीडी ऑफ इंडिया की शिकायत मिलने पर मानव तस्करी विरोधी इकाई के सदस्यों ने रेस्क्यू कराया और बाल कल्याण समिति पानीपत में पेश किया। जहां इन सभी बच्चों की काउंसलिंग की गई और उसके बाद बाल कल्याण समिति द्वारा बच्चों को बाल देखभाल देखभाल गृह पानीपत भेज दिया गया। गौरतलब है कि इन बच्चों की उम्र केवल 5 से 14 साल के बीच है। एमडीडी ऑफ इंडिया द्वारा न्याय तक पहुंच कार्यक्रम के तहत चलाए जा रहे आंदोलन के तहत आज पानीपत को बाल श्रम से मुक्त करने का अभियान चलाया जा रहा है। वहीं आज की कार्रवाई में एसआई संदीप कुमार, एएसआई सुनील कुमार और एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था से अजय चौहान मौजूद रहे।

### घायल को 1.50 लाख तक मिलेगा फ्री उपचार

**पानीपत।** पानीपत जिला क्षेत्र में रोड़ एक्सीडेंट के मामलों में घायल को 1.50 लाख रुपये तक की मुक्त इलाज स्कीम का लाभ मुहैया कराने के लिए उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स ने यातायात उप पुलिस अधीक्षक सुरेश कुमार सैनी के साथ जिला के सभी थाना प्रबंधकों, चौकी इंचार्जो की मंगलवार को जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार के में बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### गांव नौल्था में फाग की तैयारी शुरू

**इसराना।** पानीपत के गांव नौल्था का रंगों का त्यौहार फाग दूर दूर तक सैकड़ों सालों से प्रसिद्ध है इसके लिए ग्रामीण पहले से तैयारियों में जुटे हुए हैं गांव नौल्था में दूर-दूर से लोग गांव नौल्था का फाग देखने आते हैं। गांव के अलग-अलग पानों में रंगों के बड़े बड़े कढायों में रंगों को पकाया जाता है इसके लिए सामूहिक तौर से तैयार किए जाता है। वहीं फाग वाले दिन गांव में दोपहर बाद गांव में बाबा लाठे वाले के डेरे के नेतृत्व में गांव में सभी देवी-देवताओं की झांकियां सजाई जाती है ओर गांव के चारों निकाली जाती है इसके समापन के बाद ही रंगों के फांग की शुरुआत होती है।

### अवैध कालोनियों पर चला डीटीपी का पीला पंज

**पानीपत।** जिला योजनाकार सुनील कुमार व उनकी टीम द्वारा जिले की अवैध कॉलोनियों को गिराने का काम निरंतर जारी है, उनका कहना है कि अवैध रूप से पनपने नहीं दिया जाएगा, इसी कडी में करीब 15 एकड एरिया में 4 कालोनियां गिराई गई, जिनमे 2 कालोनी गांव उग्राखेडी और 2 अवैध कालोनी रिसालु गांव के क्षेत्र की थी। कुछ भूमि माफिया अपने लालच के कारण लोगों को सस्ते प्लाटों का लोभ देकर फंसा लेते है, जबकि यह गलत है, लोगों को चाहिए कि वह ऐसे भू माफियों से बचे, वैध कालोनियों में ही अपना प्लाट खरीदे।

## भाजपा के 23 पार्षद जीते, तीन निर्दलीय भी जीते, कांग्रेस व आप का सूपड़ा साफ

# पानीपत में बनी भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार

- भाजपाइयों ने विजयी जुलूस निकाला,जुलूस के चलते जीटी रोड पर यातायात बाधित हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत





**पानीपत।** विधायक प्रमोद विज नवनिर्वाचित मेयर कोमल सैनी को जलेब खिलाते हुए व वार्ड 24 से विजेता बीजेपी की सांची तनेजा प्रसन्न मुद्रा में। फोटो :हरिभूमि



**पानीपत।** जीटी रोड पर लगा वाहनों का जाम। फोटो :हरिभूमि

पानीपत में भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार बन गई। मेयर पद पर भाजपा की कोमल सैनी निर्वाचित हुई है। कोमल सैनी को 1 लाख 62 हजार 75 वोट मिले। जबकि कांग्रेस की सविता संजय गर्ग ने 38 हजार 905 वोट प्राप्त हुए। कोमल ने सविता को 123170 वोटों के अंतर से पराजित कर विजयीश्री हासिल की। वहीं निर्दलीय चौधरी केवल सिंह उर्फ बोना को 7 हजार 295 वोट मिले और वे तीसरे नंबर पर रहे। जबकि आम आदमी पार्टी के प्रीतपाल सिंह खेड़ा को 4 हजार 864 ही वोट मिले हैं। नोटा को 3 हजार 71 मतदाताओं ने वोटिंग किया। नगर निगम के वार्ड एक से से बीजेपी की अनीता रानी ने 4 हजार 743 मत प्राप्त करके जीत हासिल की व कांग्रेस की सुरभि शर्मा को मात्र 1 हजार 534 वोट मिले। वार्ड दो से बीजेपी की काजल शर्मा ने 7 हजार 62 मत प्राप्त करके जीत हासिल की। जबकि कांग्रेस की निशा को 1 हजार 617 ही वोट मिले। वार्ड तीन से बीजेपी के अनिल बजाज ने 7 हजार 69 वोट प्राप्त कर जीते। कांग्रेस के सुधीर शर्मा ने 1 हजार 178 वोट प्राप्त किए। वार्ड चार से भाजपा की बागी आजाद उम्मीदवार अंजलि शर्मा ने 5 हजार 62 मत प्राप्त करके जीत हासिल की व बीजेपी की पुष्पा राज अलियास ने 3 हजार 838 वोट प्राप्त किए। अंजलि इससे पहले भाजपा के टिकट पर पार्षद निर्वाचित हुई थी। जबकि वार्ड पांच से बीजेपी के जयदीप ने 3 हजार 868 प्राप्त कर जीत दर्ज की। वहीं कांग्रेस के अंशु नारंग ने 1 हजार 116 वोट प्राप्त किए। वार्ड छह से बीजेपी की कोमल पांचाल ने 3 हजार 475 वोट हासिल कर जीत हासिल की व आजाद उम्मीदवार जय कुमार बिंदल को 2 हजार 926 वोट प्राप्त हुए। वार्ड सात से बीजेपी के अशोक कटारिया ने 4 हजार 950 वोट प्राप्त कर जीत हासिल की। जबकि कांग्रेस के भोपाल सिंह ने 1 हजार 961 वोट प्राप्त किए। अशोक कटारिया तीसरी बार भाजपा के टिकट पर पार्षद निर्वाचित हुए है। जबकि वार्ड आठ से आजाद उम्मीदवार सरोज सुरेश वर्मा ने 4 हजार 360 वोट प्राप्त कर जीत हासिल की। जबकि बीजेपी की सुदेश ने 2 हजार 43 वोट प्राप्त किए। वहीं सरोज के प्रति सुरेश वर्मा पानीपत नगर निगम के मेयर रह चुके है। वार्ड नौ से बीजेपी के नवल जिंदल ने 5 हजार 792 वोट प्राप्त कर जीत दर्ज की। जबकि कांग्रेस की शालिनी सूरी को मात्र 2 हजार 511 मत ही मिले। वार्ड दस से बीजेपी की कोमल अरोड़ा ने 6 हजार 545 वोट प्राप्त किए व कांग्रेस के गौरव शर्मा को हराया। गौरव को 2 हजार 586 मत प्रात हुए। वार्ड 11 बीजेपी की अंजना प्रीतम गुर्जर ने ने 5 हजार 854 मत लेकर जीत दर्ज की। वहीं, आजाद उम्मीदवार संतोष सैनी ने 3 हजार 61 मत प्राप्त किए। वार्ड 12 से बीजेपी के अश्वनी कुमार ने 5 हजार 755 वोट प्राप्त कर जीत दर्ज की। जबकि कांग्रेस के स्पट्टर को 2 हजार 576 मत मिले। वार्ड 13 से बीजेपी के सर्वेश शर्मा को 3 हजार 806 मत और उन्होंने कांग्रेस के दीपक कुमार को हराया। दीपक को 1 हजार 792 मत प्राप्त हुए। वार्ड 14 बीजेपी के अजीत उर्फ बिट्टू को 5 हजार 646 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। वहीं, कांग्रेस की अंजू रोहिला को 1 हजार 508 मत ही प्राप्त हुए। वार्ड 15 बीजेपी के अमित नारंग को 6 हजार 484 वोट मिले और उन्हें कांग्रेस के वरूण दुआ को हराया। वरूण को 1 हजार 880 मत प्राप्त हुए। वार्ड 16 बीजेपी की अन्नू अजय शर्मा ने 3 हजार 337 मत प्राप्त जीत दर्ज की। जबकि इस वार्ड से कांग्रेस की मिनी को मात्र 597 वोट ही मिले। वार्ड 17 से बीजेपी की रजनी गर्ग ने 5 हजार 773 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। जबकि आजाद उम्मीदवार सुमन रानी को 2 हजार 918 मत प्राप्त हुए। वार्ड न18 से आजाद उम्मीदवार बबलू ने 2 हजार 611 मत लेकर जीत दर्ज की। जबकि बीजेपी के कुलदीप स्वामी को मात्र 2 हजार 58 मत प्राप्त हुए। वार्ड 19 से बीजेपी की नेहा शर्मा ने 3 हजार 693 मत लेकर जीत हासिल की। वहीं, आजाद उम्मीदवार मोनिका मकुल को 3 हजार 575 मत प्राप्त हुए। वार्ड 20 से बीजेपी के तरूण गांधी ने 7 हजार 855 मत प्राप्त कर जीत हासिल की। जबकि कांग्रेस की सिमरन गाबा को मात्र 1205 मत ही मिले। वार्ड नम्बर 21 से बीजेपी के संजीव दहिया ने 4 हजार 343 मत प्राप्त कर जीत हासिल की। जबकि आजाद उम्मीदवार वीरेन्द्र सैनी ने 2 हजार 718 मत प्राप्त किए। वार्ड 22 से बीजेपी के रॉकी गहलोत ने 4 हजार 577 मत लेकर जीत दर्ज की। वहीं, कांग्रेस के राजेन्द्र 2 हजार 341 मत प्राप्त किए। वार्ड 23 से बीजेपी के अनिल मदान ने 4 हजार 377 मत हासिल कर जीत हासिल की। जबकि कांग्रेस की सलोनी शर्मा को 676 मत प्राप्त हुए। वार्ड 24 से बीजेपी की सांची तनेजा ने 5 हजार 293 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। वहीं आजाद उम्मीदवार चंचल को 3 हजार 141 मत प्राप्त हुए।

वार्ड 25 से बीजेपी से मंजीत कौर ने 5 हजार 46 वोट लेकर कांग्रेस की सुमन डीपी ग्रोवर को हराया। सुमन को सिर्फ 2 हजार 769 मत प्राप्त हुए। वार्ड 26 से बीजेपी की कुसुम दुष्यंत भट्ट ने 5 हजार 773 मत प्राप्त कर जीत हासिल की। जबकि कांग्रेस की ऊषा रानी को 2 हजार 251 मत प्राप्त किए।नगर निगम चुनाव में जीते प्रत्याशियों के एक के बाद एक जुलूस निकलने के चलते आर्य कॉलेज से लेकर हुडा सेक्टर 25 के मोड तक दोपहर बारह से ढाई बजे तक यातायात जाम जैसे हालत बने रहे। पुलिस ने कडी मशक्कत कर यातायात को सुचारू करने के प्रयास किए, लेकिन जुलूस के कारण वाहन रेंग रेंग कर चले। नगर निगम के चुनाव में जीत दर्ज करने वाली मेयर अवनीत कौर ने पूर्व सांसद संजय भाटिया, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के पानीपत में प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा आदि के साथ विजयी जुलूस निकाला। वहीं वार्ड एक से लेकर 26 तक में जिस भी प्रत्याशी ने जीत दर्ज की वह अपने समर्थकों के साथ जुलूस के रूप अपने प्रतिष्ठान तक पहुंचा।

### मतगणना पर रही कड़ी नजर

मतगणना के समय आब्जर्वर मनीता मलिक व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेंद्र दहिया, पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह, आरओ एसडीएम ब्रह्मप्रकाश और सभी सहायक निर्वाचन अधिकारी मौजूद रहे। मतगणना केंद्र पर उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को मतों की गणना के दौर कुछ आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये व कुछ समय केद्र पर लगाया। केंद्र के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। मतगणना केंद्र पर पानीपत शहरी विधायक भी पहुंचे व केंद्र में चल रही मतों की गणना को देखा। मतगणना केंद्र के बाहर प्रशासन द्वारा पानी व मूल भूत सुविधाओं की व्यवस्था की गई थी।

### मंत्री ढांडा के आवास पर पहुंचे विजेता पार्षद

नगर निगम का जो क्षेत्र पानीपत ग्रामीण हलके के तहत आता है यहां से विजयी भाजपा के पार्षद शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के आवास पर पहुंचे और अपनी जीत का श्रेय भाजपा के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व मंत्री ढांडा को दिया। वहीं मंत्री ढांडा की अनुपस्थिति में उनके बडे भाई हरपाल ढांडा ने विजेता पार्षदों को आशीर्वाद दिया और पानीपत के विकास में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

### पानीपत को समस्या मुक्त करेंगे

पूर्व सांसद संजय भाटिया ने कहा कि जनता ने पानीपत में भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार बनवाई है। इसके लिए पार्टी हाईकमान व और वे जनता का आभार जताते है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार पानीपत का तेजी से विकास करवाएगी। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल व मुख्यमंत्री नायब सैनी, मंत्री महिपाल ढांडा व कृष्ण पंवार भी पानीपत के विकास को लेकर बहुत गंभीर है। वहीं पानीपत के विकास में धन की कमी को आडे नहीं आने दिया जाएगा। केंद्र व प्रदेश सरकारें पानीपत के विकास को मुंह मांगा धन उपलब्ध करवाएगी।

### डीसी ने आभार जताया

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेंद्र दहिया ने सभी अधिकारियों का निष्पक्ष व शांतिपूर्वक मतों की गणना कराने पर आभार प्रकट किया व सभी को होली की शुभकामनाएं दी। डॉ. दहिया ने कहा कि वे हानिकारक रंगों का होली पर उपयोग ना करें। होली पर अतिरिक्त सावधानी बरते। सिंथेटिक रंगों का इस्तेमाल ना करें। जहां तक हो सके कम पानी का उपयोग करें व वातावरण को साफ सुथरा रखें व पर्यावरण संरक्षण करें।

### विधायक से लिया आशीर्वाद

मेयर कोमल सैनी व भाजपा के पानीपत विधानसभा क्षेत्र के वार्डों के विजेता पार्षदों ने विधायक प्रमोद विज के कार्यालय में पहुंच कर उनसे आशीर्वाद लिया। वहीं विधायक विज ने दावा किया किया कि भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत यह दर्शाती है कि जनता, केंद्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार पर बहुत अधिक भरोसा करती है। उन्होंने दावा किया कि पानीपत में भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार बनने से पानीपत निगम क्षेत्र का तेजी से विकास होगा।

### कांग्रेस का एक भी पार्षद नहीं जीता

गुटबाजी में उलझी कांग्रेस को नगर निगम के चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ा। कांग्रेस का एक भी पार्षद नहीं जीता। जबकि मेयर पद पर भी कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा। वहीं निगम चुनाव में कांग्रेसी नेताओं ने शुरू से ही रूचि नहीं ली। कांग्रेस का कोई भी वरिष्ठ नेता चुनाव प्रचार के लिए पानीपत नहीं आया। छोटे छोटे कार्यक्रमों में हिस्सा लेने वाले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुडा व उनके सांसद पुत्र दीपेंद्र हुड्डा ने भी पानीपत से दूरी बनाए रखी। इधर, जीत का दावा करने वाली आम आदमी पार्टी की निगम चुनाव में करारी हार हुई। आप प्रत्याशी मेयर के चुनाव में चौथे नंबर पर रहा। निर्दलीय केवल सिंह उर्प बोना ने आप प्रत्याशी से अधिक वोट लिए।

## समस्याओं को पहले समझें उसके पश्चात उनका समाधान करें : डॉ. किरण सिंह

- समाधान शिविर में बुधवार को 37 समस्याएं पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत



**पानीपत।** पानीपत के जिला सचिवालय में जन सुनवाई करते हुए अधिकारीगण।

जिला सचिवालय के सभागार में आयोजित किए गए जनता समाधान शिविर में नगर निगम संयुक्त आयुक्त डॉ. संजय ने कहा कि ये समाधान शिविर जनता के उत्थान को लेकर आयोजित किए जा रहे है। इनमें ज्यादातर समस्याओं का मौके पर समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने जरूरतमंदों के लिए समाधान शिविर नाम का जो मंच दिया है उससे जिले के अनगनित लोगों को सीधा लाभ पहुंच रहा है। यह समाधान शिविर लोगों में विश्वास की एक लौ पैदा करने में पूरी तरह सफल रहा है। समाधान शिविर में अधिकारी जिस प्रकार से समस्याओं का समाधान कर रहे हैं उससे देख कर लगता है कि कुछ ही समय में जिले में समस्याएं समाप्त हो जाएंगी।

जिला परिषद की सीईओ डॉ. किरण सिंह ने कहा कि समाधान शिविर में जो लोग समस्याएं लेकर प पहुंच रहे हैं उन्हें प्रशासन पर पूरा भरोसा होना चाहिए क्योंकि सभी अधिकारियों का केन्द्र बिन्दू समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं के समाधान पर केन्द्रीत है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समस्याओं को पहले समझे उसके पश्चात उनका समाधान करें। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर में बुधवार को 37 समस्याएं पहुंची जिनमें से ज्यादातर समस्याएं परिवार पहचान पत्र, पेंशन व पुलिस विभाग से सम्बंधित थी। जनता की सेवा करना अधिकारियों का कर्तव्य है।

## नगर निगम चुनाव में कांग्रेस व आप हो गई साफ

- जीत की खुशी में सभी पार्षदों ने शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के आवास पर जाकर उनका धन्यवाद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत



**पानीपत।** शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के आवास पर पहुंचे नवनिर्वाचित पार्षदगण। फोटो : हरिभूमि

पानीपत। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के प्रतिनिधि हरपाल ढांडा ने कहा कि भाजपा ने पानीपत नगर निगम चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए अपनी मजबूती साबित कर दी है। निगम के 26 वार्डों में से भाजपा के 23 प्रत्याशियों ने शानदार जीत हासिल की, जबकि तीन सीटों पर निर्दलीय प्रत्याशी विजयी रहे। इस चुनाव में कांग्रेस के लिए स्थिति बेहद निराशाजनक रही, क्योंकि पार्टी एक भी सीट जीतने में नाकाम रही। कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद अब पानीपत में भी अपना 'शून्य' का रिकॉर्ड कायम रखा, जिससे साफ है कि जनता ने उनकी नीतियों को पूरी तरह नकार दिया है।

उन्होंने कहा कि पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में भी भाजपा ने जबरदस्त प्रदर्शन किया, निगम के 26 में से 12 वार्ड ग्रामीण विधानसभा में आते है जिनमे से 11 वार्डों में भाजपा समर्थित प्रत्याशी विजयी हुए। जीत की खुशी में सभी पार्षदों ने शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के आवास पर जाकर उनका धन्यवाद किया। ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर नाचते हुए पार्षदों और भाजपा कार्यकर्ताओं का जोश देखने लायक था। वहीं ढांडा ने नवनिर्वाचित पार्षदों का स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। उन्होंने इस ऐतिहासिक जीत को भाजपा की 'विकास और सुशासन की जीत' करार देते हुए कहा कि यह जनता का भाजपा पर अटूट विश्वास दर्शाता है। हरपाल ढांडा ने कहा कि भाजपा सरकार ने हरियाणा में विकास को प्राथमिकता दी है।

**कार्यक्रम** फॉरेंसिक साइंस अब विदेश में ही नहीं देश में भी लोकप्रिय होती जा रही : डॉ. नीलम आर्य

# लिंग अनुकूल वातावरण का अभाव ही महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों का मुख्य कारण

- बढ़ती नौकरियों ने विद्यार्थियों को फॉरेंसिक साइंस का कोर्स करने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत



**पानीपत।** सडी कॉलेज में देश भक्ति के गीत गाते हुए स्वयं सेवी छात्राएं।

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में चल रहे सात दिवसीय विशेष आवासीय राष्ट्रीय सेवा योजना कैंप के दूसरे दिन बुधवार को डॉ. नीलम आर्य, वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी फॉरेंसिक विभाग मधुबन (करनाल) और सोनू सिंह प्रोजेक्ट डायरेक्टर रेड क्रॉस आरसीआईटी पानीपत प्रेरणादायक वक्ता ने कैंप में शिरकत की और स्वयंसेवकों को अपने ज्ञान और अनुभव का लाभ दिया। डॉ. नीलम आर्य ने 'महिला अपराध और फॉरेंसिक साइंस' और सोनू सिंह ने 'कौशल विकास, कैरियर काउन्सलिंग और व्यक्तित्व निर्माण' विषयों पर अपना व्याख्यान दिया। मेहमानों का स्वागत प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा, कैंप सेक्रेटरी डॉ. राकेश गर्ग, डॉ संतोष कुमारी और डॉ. एसके वर्मा ने पौधे रोपित गमले भेंट करके किया।

इधर, कैंप के दूसरे दिन की शुरुआत योग और ध्यान शिविर से हुई जिसमें सभी स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। तत्पश्चात खेलों के माध्यम से सभी स्वयंसेवकों ने स्वास्थ्य लाभ हासिल किया और मैदान में अपना पसीना बहाया। विदित रहे कि कैंप एनएसएस सेल कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम का एक हिस्सा है और इसे उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा सरकार का सानिध्य भी प्राप्त है। मंगलवार की रात्री विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया जिसके विजेताओं को कैंप के अंतिम दिन सम्मानित किया जाएगा। वहीं, डॉ. नीलम आर्य वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी फॉरेंसिक विभाग मधुबन करनाल ने कहा कि लिंग अनुकूल वातावरण का अभाव ही देश में महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों का मुख्य कारण है।

उन्होंने कहा कि फॉरेंसिक साइंस अपराध से जुड़ा विज्ञान है और इसमें अपराध का पता लगाने के लिए शरीर के तरल पदार्थो की जांच की जाती है।

फॉरेंसिक रिपोर्ट को अदालत भी अहम साक्ष्य मानती है। देश-विदेश में बढ़ रही आतंकी घटनाओ और अपराधों ने फॉरेंसिक विशेषज्ञों की मांग बढ़ा दी है। उन्होंने कहा कि आपराधिक वारदातों के सूत्रधारों की धर-पकड़ के लिए प्रशिक्षित सुरक्षा बलों की जरूरत आज समाज और समय की मांग है। इस साइंस का जानकार अपराध से जुडे लोगों को पकडवाने में काफी मददगार होता है। आतंकवादी गुत्थियां हों या रहस्यमय मौत, इसे सुलझाने में फॉरेंसिक साइंस की अहम भूमिका होती है। फॉरेंसिक साइंस अब विदेश में ही नहीं देश में भी लोकप्रिय होती जा रही है। इस क्षेत्र में बढ़ती नौकरियों ने विद्यार्थियों को फॉरेंसिक साइंस का कोर्स करने के लिए प्रेरित किया है। इसकी पढ़ाई करने वालों के लिए नौकरियों के कई विकल्प हैं। इसमें डिप्लोमा कोर्स से लेकर पीएचडी करने वालों के लिए हर स्तर पर नौकरी के अवसर है। फॉरेंसिक साइंस में प्राप्त शिक्षा के आधार पर हम अध्यापक, फॉरेंसिक इंजीनियर, जेनेटिक एक्सपर्ट, फॉरेंसिक साइकोलॉजिस्ट, फॉरेंसिक साइंटिस्ट, फॉरेंसिक इंवेस्टिगेटर, सिक्योरिटी एक्सपर्ट, फॉरेंसिक कंसलटेंट, डिटेक्टिव आदि महत्वपूर्ण पदों पर नौकरियां पा सकते है।

## बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ रैली निकाली

- निष्काम सेवा के संकल्प के साथ आईबी कॉलेज का एनएसएस कैंप संपंन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत



**पानीपत।** आईबी कॉलेज की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक एनएसएस के स्वयं सेवी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र बांटते हुए। फोटो :हरिभूमि

आईबी पीजी कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वारा युवा एवं डिजिटल साक्षरता विषय पर आयोजित सात दिवसीय शिविर का सफल समापन हुआ। एनएसएस कैंप के समापन अवसर पर आईबी प्रबंध समिति के महासचिव एलएन मिगलानी ने सभी विद्यार्थियों को शुभाशीष दिया व कहा कि सिर्फ सात दिवसीय कैंप में नहीं बल्कि छात्र समाज सेवा को अपनी दिनचर्या में भी समाहित करें। आज का युवा अपने व्यक्तित्व का विकास करेगा तो देश स्वयंमेव ही विकसित होगा।

प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने सफल आयोजन के लिए एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर खुशबू एवं एनएसएस प्रॉक्टर डॉ. जोगेश व सभी स्वयं सेवकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ये कैंप टीम भावना तो उत्पन्न करता ही है साथ-साथ छात्रों को अनुशासन, आत्मसंयम व देशभक्ति की भावना पैदा कर उनके व्यक्तित्व का विकास करता है। शिविर के अंतिम दिन की शुरुआत जुम्बा सत्र से हुई, जिसमें स्वयं सेवकों ने स्वस्थ शरीर के लिए व्यायाम किया। इसके बाद, स्वयं सेवकों ने खोतपुरा स्थित काला पीर में लंगर सेवा कर सामाजिक योगदान दिया। इसके पश्चात बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत एक जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें स्वयं सेवकों ने गांववासियों को बेटियों को स्कूल और कॉलेज भेजने के लिए प्रेरित किया। शिविर का समापन समारोह खोतपुरा के सरकारी अस्पताल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन स्वयं सेवक वंशिका ने किया।

सात दिवसीय शिविर की रिपोर्ट नेहा और पार्वती ने प्रस्तुत की। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधन द्वारा स्वयं सेवकों को प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का समापन उत्साह और जोश के साथ हुआ, जिसमें स्वयंसेवकों ने समाज सेवा की भावना को बनाए रखने का संकल्प लिया ।

**खबर संक्षेप**

### अग्निवीर योजना के तहत 10 तक आवेदन का मौका

**अंबाला।** सेना भर्ती कार्यालय ने वर्ष 2025-26 के लिए भारतीय सेना अग्निवीर योजना के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की है। भर्ती प्रक्रिया के लिए ऑनलाइन पंजीकरण बुधवार यानि 12 मार्च 2025 को शुरू हो गया है। यह 10 अप्रैल 2025 तक खुला रहेगा।

### चोरी के मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी सागर को गिरफ्तार किया है। इस मामले में मोटरसाइकिल रखने वालें को पहले गिरफ्तार किया जाकर मोटरसाइकिल बरामद की जा चुकी है। आरोपी ने पूछताछ के दौरान बताया था कि यह मोटरसाइकिल सागर ने चोरी की थी। शिकायतकर्ता आसिफ अली ने 27 जनवरी 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि सुभाष पार्क से आरोपी ने उसकी बाइक चोरी की है।

### देसी कट्टा व रौंद रखने पर दो गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज अवैध हथियार रखने के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी नितिन व आदित्य कुमार को गिरफ्तार किया था। आरोपी नितिन को पुलिस ने तीन दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस ने आदित्य कुमार से दो जिंदा रौंद भी बरामद किए गए हैं। आरोपी ने बताया था कि उसने अवैध हथियार व रौंद आरोपी नितिन व आदित्य से लिए थे। आरोपी को मिट्ठापुर फुलेल माजरा रोड से काबू किया था।

### अवैध हथियार के साथ आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पडाव क्षेत्र पानी की टंकी 12 क्रॉस रोड से अवैध देसी कट्टा व जिंदा रौंद रखने के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी आशीष कुमार उर्फ टिड्डा को गिरफ्तार किया है। सीआईए-2 को सूचना मिली थी कि आरोपी के पास अवैध हथियार है जो किसी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। आरोपी पानी की टंकी 12 क्रास रोड अम्बाला छावनी के पास अवैध हथियार सहित खडा हैं। सूचना उपरांत सीआईए-2 ने आरोपी को काबू किया।

### सड़क सुरक्षा को लेकर किया जागरुक

**अंबाला।** सड़क सुरक्षा के बारे में करण सिंह ने छात्रों से बात की। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज ऑफ नर्सिंग का उन्होंने दौरा किया। उन्होंने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के महत्व पर जोर दिया और वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने के बारे में बहुमूल्य निर्देश दिए। सिंह ने ट्रैफिक लाइट का पालन करने, सीट बेल्ट पहनने और सड़कों पर समग्र सुरक्षा बनाए रखने के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

### शहजादपुर फ्री साइकिल वितरित की गई

**शहजादपुर।** पीएम श्री गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल में सरकार द्वारा चलाई जा रही फ्री साइकिल योजना के तहत प्राचार्या सुमन कुमारी की अध्यक्षता में 6 से 8 की छात्राओं को मुफ्त साइकिल वितरित की गई। इस दौरान बच्चों के माता पिता और स्टाफ सदस्य मौजूद रहे । ये साइकिल बच्चों द्वारा अपने माता-पिता की उपस्थिति में चुनाव की गई है। प्राचार्या सुमन कुमारी ने कहा कि दूर दराज से स्कूल आने वाली छात्राओं को साइकिल मिलने से स्कूल पहुंचना आसान होगा। छात्राओं को सरकार की ओर से मुफ्त साइकिल का एक तोहफा मिला है।

### व्याख्यान का आयोजन किया गया

**शहजादपुर।** पीएम श्री गवर्नमेंट सीनियर सैकेंडरी स्कूल पतरहेडी में बच्चों के लिए विज्ञान और गणित विषय मेंटरिंग और मॉनिटरिंग व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें राजकीय महिला कॉलेज सेक्टर 14 चंडीगढ़ से गणित प्रवक्ता रजनी गोयल व विज्ञान प्रवक्ता पूजा गिरहोत्रा द्वारा बच्चों को नए और आसान सूत्रों की जानकारी दी गई। इसके उपरांत प्रधानाचार्य दीपा कौशिक ने बच्चों को खेल -खेल में पढ़ाई व याद करने के नए तरीकों से अवगत करवाया गया।

**परिणाम घोषित:** सदर नगर परिषद चुनाव में भाजपा ने 32 में से 25 वार्डों में लहराया जीत का परचम

# नगर निगम व सदर नगर परिषद में खिला कमल, भाजपा की शैलजा पहली मेयर और स्वर्ण कौर बनीं अध्यक्ष

- बराड़ा नपा में रुका भाजपा का विजयी रथ, बागी प्रत्याशी रजत मलिक बने अध्यक्ष, भाजपा प्रत्याशी को हराया
- निगम में डिप्टी मेयर रहे कांग्रेस के सुधीर जायसवाल सदस्य का चुनाव जीते, नप अध्यक्ष रहे नीलम सदस्य का चुनाव हारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

निकाय चुनाव में चली भाजपा की आंधी में कांग्रेस का सफाया हो गया। भाजपा ने मेयर उपचुनाव के साथ अंबाला सदर नगर परिषद अध्यक्ष चुनाव में जीत का परचम लहराया। यहां भाजपा के 26 सदस्य भी निर्वाचित हुए हैं। हालांकि बराड़ा नगरपालिका चुनाव में बागी रजत मलिक भाजपा का रथ रोकने में कामयाब रहे। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार को करारी शिकस्त देकर नगरपालिका अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया। भाजपा की जीत पर कार्यरत जश्न में डूब गए। अंबाला शहर में नवनिर्वाचित मेयर शैलजा सचदेवा ने पूर्व मंत्री असीम गोयल के साथ रोड शो की अगुवाई की। परिवहन मंत्री अनिल विज ने भी नवनिर्वाचित अध्यक्ष व सदस्यों को जीत का आशीर्वाद दिया।

### पहले राउंड से ही बनाई बढ़त

मेयर उपचुनाव में मतगणना से पहले दोनों भाजपा-कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर होने की संभावना जताई जा रही थी। मगर मतगणना के पहले राउंड से ही तस्वीर साफ हो गई। कांग्रेस प्रत्याशी अमीषा चावला पहले राउंड में ही पिछड़ गई। इसके बाद सभी 14 राउंड में भाजपा प्रत्याशी शैलजा सचदेवा बढ़त के साथ आगे निकल गई। शैलजा सचदेवा को 40620 वोट मिले जबकि अमीष चावला को 20133 मतों पर संतोष करना पड़ा। शैलजा 20487 वोटों से विजयी घोषित हुई। शैलजा की जीत घोषित होते ही रितेश गोयल, गुरविंद्र मानकपुर, अमन सूद, राकेश मेहता, बीनू गर्ग, सुंदर ढींगरा, मनीष आनंद मन्नी, शोभा पूनिया,रमेश, आशीष, गुरप्रीत शाना, हितेष जैन, संजय लाकड़ा समेत तमाम कार्यकर्ता जश्न में डूब गए।



अंबाला। जीत का सर्टिफिकेट हासिल करतीं मेयर शैलजा सचदेवा व अन्य नेता।



जीत का सर्टिफिकेट हासिल करती सदर नगर परिषद की अध्यक्ष स्वर्ण कौर।

### पांच उम्मीदवारों की जमानत जब्त

इस चुनाव में कुल 13,146 मत पड़े। चुनाव में जहां रजत मलिक ने कुल 47.98 % वोट हासिल कर निर्णायक जीत हासिल की तो भाजपा प्रत्याशी हरजिन्द्र सिंह 32.82 % वोट लेकर दूसरे स्थान पर रहे। इस चुनाव में डॉ कुलदीप को 14.15 %, ओमप्रकाश को 1.86% बलजीत सिंह को 1.39 % रीटा केसरी को 1.03 %, दवेंद्र कुमार को 0.40 % व नोटा को 0.39% वोट मिले। रजत मलिक और हरजिन्द्र सिंह को छोडक़र बाकी उम्मीद्वारों को 16.67 % से कम वोट मिले। इस कारण उनकी जमानत जब्त हो गई।

### 20487 मतों से मिली शैलजा को जीत

अंबाला शहर नगर निगम में मेयर पद के लिए हुए उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी शैलजा संदीप सचदेवा ने 20487 मतों से विजयी हासिल की। शैलजा का मुकाबला यहां कांग्रेस की प्रत्याशी अमीषा चावला के साथ। अमीषा को 20133 वोट ही मिल पाए। जीत के बाद रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम दर्शन कुमार ने मेयर शैलजा संदीप सचदेवा को विजयी प्रमाण पत्र सौंपा। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल , भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, शैलजा सचदेवा के पति एडवोकेट संदीप सचदेवा भी मौजूद रहे।

### मेयर नहीं बनी पर अध्यक्ष का सजा ताज

अंबाला सदर नगर परिषद चुनाव में इस बार भाजपा की स्वर्ण कौर अध्यक्ष बन गई। 2013 में कांग्रेस के समर्थन से पहली बार निगम सदस्य बनी स्वर्ण कौर के हाथ से तब मेयर की कुर्सी निकल गई थी। पर इस बार भाजपा ने उन्हें सदर नगर परिषद अध्यक्ष का उम्मीदवार बनाया था। स्वर्ण कौर का मुकाबला यहां आजाद प्रत्याशी मनदीप कौर से था। पर पहले ही राउंड से मनदीप कौर मतगणना में पिछड़ गई। स्वर्ण कौर को 58891 वोट मिले जबकि मनदीप कौर बब्याल को 31968 वोट मिले। इस तरह स्वर्ण कौर ने 26923 मतों से जीत का परचम लहराया।

## 25 सीटों पर भारतीय जनता पार्टी का कब्जा

अंबाला सदर नगर परिषद चुनाव में अध्यक्ष के साथ 25 वार्डों से भी भाजपा प्रत्याशियों ने जीत हासिल की। छह वार्डों पर आजाद व एक वार्ड से कांग्रेस के निगम में डिप्टी मेयर रहे सुधीर जायसवाल चुनाव जीतने में कामयाब रहे। रिटर्निंग अधिकारी विनेश कुमार ने सभी विजयी प्रत्याशियों को विजयी प्रमाण पत्र देकर बधाई दी। वार्ड नंबर 1 से आजाद प्रत्याशी रणजीत कुमार उर्फ सोनू गुज्जर ने विजय हासिल की। उन्होंने 1436 मत हासिल करते हुए अपने प्रतिद्वंदी भारत भूषण को 17 मतों से हराया। वार्ड नंबर 2 से भाजपा प्रत्याशी रीना ने बाजी मारी। उन्होंने 1538 मत हासिल करते हुए अपने प्रतिद्वंदी रूचि चौधरी को 360 मतों से हराया। वार्ड नंबर 3 से भाजपा प्रत्याशी मोहित कौशिक ने जीत हासिल की। उन्होंने 1360 मत हासिल कर आजाद प्रत्याशी लता को 28 मतों से हराया। वार्ड नंबर 4 से भाजपा प्रत्याशी शिल्पा पासी जीती। शिल्पा ने 1209 मत हासिल कर गीता को 56 मतों से हराया। वार्ड नंबर 5 से आजाद प्रत्याशी जीवन कुमार जीते। उन्होंने 1200 मत हासिल कर भाजपा के नानक चंद को 55 मतों से हराया। वार्ड नंबर 6 से आजाद प्रत्याशी संदीप शर्मा विजयी हुए। उन्होंने 875 मत हासिल करते हुए उम्मेद सिंह को 164 मतों से हराया। वार्ड नंबर 7 से भाजपा प्रत्याशी संजीव अत्री ने विजयी हासिल की। उन्होंने 1874 मत हासिल करते हुए शील कुमार नैन को 1092 मतों से हराया। वार्ड नंबर 8 से भाजपा प्रत्याशी सोमनाथ जीते। उन्होंने 1062 मत हासिल कर रोहतास लाल बत्रा को 160 मतों से हराया। वार्ड नंबर 9 से भाजपा प्रत्याशी रेनू चौहान ने विजयी हुई। उन्होंने 1369 मत हासिल कर सुषमा रानी मनचंदा को 659 मतों से हराया। वार्ड नंबर 10 से भाजपा प्रत्याशी रमन छतवाल विजयी हुए। उन्होंने 1696 मत हासिल कर अश्वनी कुमार शर्मा को 1131 मतों से हराया। वार्ड नंबर 11 से आजाद प्रत्याशी नीलम कश्यप ने जीत हासिल की। उन्होंने 1434 मत हासिल करते हुए भाजपा की आंचल सैनी को 486 मतों से हराया। वार्ड नंबर 12 से भाजपा प्रत्याशी सतीश कुमार विजयी हुए। उन्होंने 1832 मत हासिल कर किरण वर्मा को 1193 मतों से हराया। वार्ड नंबर 13 से बीजेपी प्रत्याशी ऋतु शर्मा विजयी हुई। उन्होंने 2107 मत हासिल करते हुए अंजु बाला को 572 मतों से हराया। वार्ड नंबर 14 से आजाद प्रत्याशी हरमिंदर सिंह ने बाजी मारी। उन्होंने 1402 मत हासिल करते हुए भाजपा के नरेश कुमार को 90 मतों से हराया। वार्ड नंबर 15 से भाजपा प्रत्याशी भूपेश शर्मा ने विजयी हासिल की। उन्होंने 1862 मत हासिल करते हुए अपने प्रतिद्वंदी निशा परमार को 1267 मतों से हराया। वार्ड नंबर 16 से भाजपा प्रत्याशी भोली बिंद्रा ने विजयी हासिल की। उन्होंने 1899 मत हासिल कर डॉ. रमनीत कौर को 1367 मतों से हराया। वार्ड नंबर 17 से भाजपा प्रत्याशी रश्मि वर्मा ने जीत हासिल की। उन्होंने 1742 मत हासिल करते हुए पूजा को 995 मतों से हराया। वार्ड नंबर 18 से भाजपा प्रत्याशी शाम सुंदर अरोड़ा ने विजयी हासिल की। उन्होंने 1358 मत हासिल करते हुए राजन कलसी को 928 मतों से हराया। वार्ड नंबर 19 से भाजपा प्रत्याशी गौरव सैनी जीते। उन्होंने 1180 मत हासिल कर जय प्रकाश को 531 मतों से हराने का काम किया। वार्ड नंबर 20 से भाजपा प्रत्याशी प्रियंका ने विजयी हासिल की। उन्होंने 1534 मत हासिल कर रजनी रानी को 381 मतों से हराया। वार्ड नंबर 21 से भाजपा प्रत्याशी बलजिंद्र पाल ने विजय हासिल की। उन्होंने 2554 मत हासिल कर दलबीर सिंह को 555 मतों से हराया। वार्ड नंबर 22 से भाजपा प्रत्याशी प्रमोद कुमार शर्मा ने विजयी हासिल की। उन्होंने 2127 मत हासिल कर सुरिंद्र पाल सिंह वालिया को 952 मतों से हराया। वार्ड नंबर 23 से भाजपा प्रत्याशी ललिता प्रसाद जीते। उन्होंने 1938 मत हासिल करते हुए अमन को 1230 मतों से हराया। वार्ड नंबर 25 से आजाद प्रत्याशी राहुल सोनकर वीरू ने विजयी हासिल की। उन्होंने 1641 मत हासिल करते हुए भाजपा के विकास सोनकर को 111 मतों से हराया। वार्ड नंबर 26 से भाजपा प्रत्याशी नरेश ने जीत हासिल की। उन्होंने 1499 मत हासिल करते हुए संजीव शर्मा को 969 मतों से हराया। वार्ड नंबर 27 से भाजपा प्रत्याशी शिवा काकरान ने जीत हासिल की। उन्होंने 1810 मत हासिल कर आदित्य गोयल को 850 मतों से हराया। वार्ड नंबर 28 से भाजपा प्रत्याशी महेश चंद जीतेउन्होंने 1519 मत हासिल कर मीनाक्षी मनचंदा को 704 मतों से हराया। वार्ड नंबर 29 से आजाद प्रत्याशी सुधीर जायसवाल ने विजय हासिल की। उन्होंने 1929 मत हासिल कर आशीष जायसवाल को 1204 मतों से हराया। वार्ड नंबर 30 से भाजपा प्रत्याशी नीतू विजयी हुई। उन्होंने 2240 मत हासिल कर अनीता को 1381 मतों से हराया। वार्ड नंबर 31 से भाजपा प्रत्याशी डॉ. शशि ने विजय हासिल की। उन्होंने 1613 मत हासिल कर रेनू बाला को 435 मतों से हराया। वार्ड नंबर 32 से भाजपा प्रत्याशी निधि गर्ग जीती। उन्होंने 1860 मत हासिल कर विभा खन्ना को 1147 मतों से हराया। बता दें कि वार्ड नंबर 24 से भाजपा प्रत्याशी महेश नागर पहले ही निर्विरोध जीत गए थे।



अंबाला। सदर नगर परिषद का चुनाव जीतने वाले भाजपा उम्मीदवार।

### बराड़ा: रजत ने रोका भाजपा का विजयी रथ

**बराड़ा।** मेयर व अंबाला सदर नगर परिषद चुनाव में चली भाजपा की आंधी को यहां बागी रजत मलिक ने रोक लिया। उन्होंने नगरपालिका चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी हरजिंद्र सिंह को करारी शिकस्त देकर पहली बार अध्यक्ष बनने का गौरव हासिल की। रजत को कुल 6307 वोट प्राप्त हुए जबकि भाजपा प्रत्याशी हरजिंद्र सिंह को 4314 मतों पर संतोष करना पडा। भाजपा प्रत्याशी को 1993 वोटों से शिकस्त मिली। तीसरे स्थान पर आजाद प्रत्याशी डॉ. कुलदीप शर्मा को 1859 वोट व चौथे स्थान पर रहे ओमप्रकाश को 244 वोट मिले। पांचवें स्थान पर रहने वाले बलजीत सिंह को 183 वोट व रीटा केसरी को 135 वोट पर ही संतोष करना पड़ा। दवेंद्र कुमार को 53 वोट मिले जबकि 51 ने नोटा का बटन दबाया। अध्यक्ष पद के लिए कुल 7 प्रत्याशी मैदान में थे। सुबह 8 बजे जैसे ही मतगणना आंरभ हुई तो केंद्र के बाहर सभी प्रत्याशियों के समर्थक भारी संख्या में मौजूद हो गए। इस दौरान कार्यकर्ता अपने-अपने प्रत्याशी के पक्ष में जीत के नारे भी लगाते दिखे। लगभग साढ़े 9 बजे तक अध्यक्ष पद के मतों की गणना का कार्य पूरा हुआ। तब आजाद प्रत्याशी रजत मलिक को विजयी घोषित किया गया तो उनके समर्थक जश्न में डूब गए। बता दें कि इस चुनाव में कुल 19,481 मतदाताओं में से कुल 13146 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था।



जीत का सर्टिफिकेट का लेते रजत मलिक

### नपा के 16 वार्डों से इनको मिली सरदारी

नगरपालिका के 16 वार्डों से इस बार चुनाव में सदस्य पद के लिए 43 उम्मीद्वार मैदान में थे। वार्ड नंबर 1 के पवन कुमार को विजेता घोषित किया गया। उन्हें 423 वोट मिले। वार्ड नंबर 2 के अमित कुमार 680 वोट लेकर सदस्य बने। वार्ड नंबर 3 से दिव्या कपूर 481 वोट लेकर सदस्य बनी। वार्ड नंबर 4 से प्रवेश कुमार 325 वोट लेकर सदस्य बने। वार्ड नंबर 5 की अर्चना देवी 477 व वार्ड नंबर 6 के शमशेर सिंह को 314 वोट लेकर सदस्य बने। इसी तरह वार्ड नंबर 7 की राजकली 214 वोटों के जीती। उन्हें कुल 498 वोट मिले। वार्ड नंबर 8 से हरभजन सिंह 53 वोट से जीते। उन्हें कुल 314 वोट मिले। वार्ड नंबर 9 से नरिंद्र कौर ने 74 वोट से जीत हासिल की। उन्हें कुल 413 वोट मिले। वार्ड नंबर 10 से दिग्विजय सिंह 44 वोट से जीते। उन्हें 461 मत मिले। वार्ड संख्या 11 से विजय सिंह ने केवल एक ही 1 वोट जीत हासिल की। उनके प्रतिद्वंदी को 242 वोट मिले। वार्ड नंबर 12 की दीपा सैनीं 10 वोट से जीती उन्हें 294 वोट मिले, वार्ड नंबर 13 के साहिल चावला ने 228 वोटों से जीते दर्ज की। उन्हें कुल 508 वोट प्राप्त हुए। वार्ड नंबर 14 के संदीप कोहरा 97 वोट से जीते। उन्हें कुल 376 वोट मिले। वार्ड नंबर 15 के विजय छाबडा 65 वोटों से जीते उन्हें कुल 600 वोट मिले, वार्ड नंबर 16 से गुरजिंद्र कौर 132 वोट से जीती। उन्हें 423 वोट प्राप्त हुए।

### होली पर छात्रों ने मनाया जश्न, गुलाल लगाए

बराड़ा। लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय में होली का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर छात्राओं ने रंगोली बनाई और पूरे कॉलेज परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया। होली के उपलक्ष्य में टैटू डिजाइन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें नृत्य और संगीत ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रेनू सहोता ने विद्यार्थियों और स्टाफ को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय त्योहार हमारी समृद्ध संस्कृति के परिचायक हैं।



### भारतीय मजदूर संघ का युवा सम्मेलन हुआ संपन्न

**बराड़ा।** भारतीय मजदूर संघ का युवा सम्मेलन अंबेडकर भवन दोसडका में संपन्न हुआ। यह सम्मेलन पब्लिक हेल्थ ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरेटर संघ के जिला अध्यक्ष सोहनलाल एवं सचिव मलकीत की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इसमें उपस्थित लोगों को भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय संगठन सह मंत्री गणेश मिश्रा एवं उत्तर क्षेत्रीय संगठन मंत्री पवन कुमार ने संबोधित किया। बैठक का संचालन जिला मंत्री कंवरपाल ने किया जबकि इस कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश बालू एवं जिला अध्यक्ष अरुण जोशी विशेष रूप से उपस्थित रहे। मिश्रा ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ विश्व का सबसे बड़ा श्रमिक संगठन है।



### पर्यावरण जागरूकता के लिए छात्रों ने निकाली रैली

**बराड़ा।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उगाला में ग्रीन स्कूल प्रोग्राम के तहत पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता हेतु रैली निकाली गई। इस रैली में विद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और गांव के लोगों को पर्यावरण सुरक्षा एवं संरक्षण का संदेश दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य जगदीश मेहरा ने इस रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न नारों के माध्यम से स्वच्छता, हरित पर्यावरण, और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय प्रांगण में पर्यावरण सुरक्षा व संरक्षण विषय पर एक पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर विद्यालय परिसर को स्वच्छ बनाया।




### जीत का जश्न कैमरों की नजर में



मेयर शैलजा सचदेवा जीत के बाद रोड शो के दौरान अभिवादन स्वीकारतीं हुईं।

### मेरे किए कार्यों का जनता ने दिया इनाम: विज

**अंबाला।** अंबाला छावनी नगर परिषद चुनाव में भाजपा के अध्यक्ष पद के साथ सदस्य की 25 सीटें जीतने पर परिवहन मंत्री अनिल विज ने खुशी जताई। उनहोंने कहा कि जनता ने उनके किए कार्यों का ईनाम दिया है। जीते व हारे हुए सभी उम्मीदवारों के सहयोग से वे अंबाला छावनी को विकास के क्षेत्र में नई बुलंदियों पर पहुंचाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि नगर निकाय के चुनाव में लोगों ने पीएम नरेंद्र मोदी की विकास करने की राजनीति के उपर एक बार फिर अपनी सहमति की मोहर लगा दी है।

**मुस्तैदी** महिलाओं की सुरक्षा के लिए महिला पुलिस बल तैनात करने का ऐलान

## होली को लेकर पुलिस ने चाक चौबंद किए बंदोबस्त, चौराहों पर तैनात रहेगी पुलिस

- बाइक के साइलेंसर से पटाखों जैसी आवाज निकाले तो तुरंत जब्त किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

होली के त्योहार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न करवाने के लिए पुलिस की ओर से सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया ने जिला पुलिस को त्यौहार पर हुड़दंग मचाने वालों से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए हैं। त्यौहारों पर अक्सर हुड़दंग करने वालों पर पुलिस की नजर रहेगी। सभी थाना.चौकी प्रभारियों को होली के त्यौहार को शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए सुरक्षा के मद्देनजर कड़े दिशा.निर्देश जारी किए गए हैं। होली के मद्देनजर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए चप्पे.चप्पे पर निगरानी व सतर्कता के साथ गश्त करने के कड़े निर्देश जारी किए गए हैं।

नशे में धुत होकर हुड़दंग करने वालों से पुलिस कड़ाई से निपटेगी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी तरह की कोताही बर्दाशत नहीं की जाएगी। उन्होंने थाना प्रभारियों को त्यौहार को देखते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। बदनियती से हुड़दंग करनेए किसी तरह की अफवाह फैलाने अथवा शांति भंग करने की नियत से जानबूझकर कानून का उल्लंघन करने वाले शरारती असामाजिक तत्वों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात कही है। खासकर महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष महिला पुलिस दस्ता भी तैनात रहेगा। यातायात को व्यवस्थित रूप से चलाने के लिए मुख्य चौराहों पर विशेष पुलिस दस्ते तैनात रहेंगे। सभी पीसीआर और डायल 112 को निर्देश दिए गए हैं कि पुलिस कंट्रोल रूम के माध्यम से जहां भी अव्यवस्था की सूचना प्राप्त होगी तुरंत मौके पर जाकर स्थिति से निपटेंगे। बाइक के साइलेंसर से पटाखों जैसी आवाज निकाले तो बाइक को तुरंत जब्त किया जाएगा। त्यौहार पर कुछ शरारती और आपराधिक तत्व या शराबियों द्वारा रंगों की आड़ में रंजिश निकालने की कोशिश करते हैं।

### विजय के बाद नप अध्यक्ष व सदस्य विज से मिलते हुए





भाजपा के डिप्टी मेयर राजेश मेहता व पूर्व मेयर रमेश मल खुशी में लोगों को खिलाने के लिए जलेबियां तैयार करते हुए।



आजाद प्रत्याशी के तौर पर चुनाव जीतने वाले राहुल सोनकर व दीप्पी चित्रा सरवारा का आशीर्वाद लेने पहुंचे।